## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–20.02.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **झारखंड बोर्ड की 10वीं की हिंदी और विज्ञान परीक्षा के पेपर लीक, जैक ने परीक्षा रद्द कर जांच के दिए आदेश।**
- **रांची में कृषि मंत्री ने किसान मेला और प्रदर्शनी का किया उद्घाटन, बाजार व्यवस्था सुधारने पर दिया जोर।**
- **लोहरदगा में एनसीबी की टीम ने ढ़ाई सौ किलो गांजा पकड़ा, पांच गिरफ्तार, वहीं लातेहार में माइनिंग विभाग की कार्रवाई, अवैध पत्थर लदा हाईवा जब्त।**
- **दुमका में 135वां ऐतिहासिक हिजला मेला कल से शुरू, जनजातीय संस्कृति और परंपरा का होगा प्रदर्शन**
- **गुमला में जेएससीए अंडर–23 क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, पहले मैच में सिमडेगा ने पलामू को 8 विकेट से हराया, तानिश चौबे बने मैन ऑफ द मैच।**

*******************

जैक बोर्ड की 10वीं की हिंदी और विज्ञान की परीक्षा का पेपर लीक की पुष्टि होने पर बोर्ड ने राज्यभर में दोनों परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। गौरतलब है कि हिंदी की परीक्षा 18 फरवरी को ली गई थी, वहीं विज्ञान की परीक्षा आज आयोजित हुई थी। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जैक अध्यक्ष तथा शिक्षा मंत्री से इस्तीफा देने की अपील की है। इसके साथ ही पूर्व भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। पेपर लीक मामले के तार कोडरमा और गिरिडीह से जुड़ने पर जैक बोर्ड ने दोनों जिलों के प्रशासन से स्पष्टीकरण मांगा है। गौरतलब है कि व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए 350 रुपये में प्रश्न पत्र बेचे जाने की पुष्टि हुई है।

*******************

राजधानी रांची में आज कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दो दिवसीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में लगभग 2000 किसान और 60 कृषि विशेषज्ञ शामिल हुए। मंत्री ने कृषि क्षेत्र को उद्योगों की मांग पूरी करने योग्य बनाने और किसानों के लिए बाजार व्यवस्था सुधारने की बात कही।

*******************

गुमला जिले में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पिछली सरकार में सूचीबद्ध सड़कों के निर्माण और मनरेगा तथा आवास योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया है। विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले में श्रम, नियोजन और कौशल विकास विभाग ने उपलब्ध कौशल के विश्लेषण और कौशल की मांग पर जानकारी के लिए कार्यशाला आयोजित की। मौके पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पलायन रोकने पर जोर दिया।

*******************

लोहरदगा जिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची की टीम ने पांच लाख रुपए मूल्य का 250 किलो गांजा जब्त किया। ट्रक चालक और खालासी को हिरासत में लिया गया है। मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर तीन गांजा खरीदारो को भी गिरफ्तार किया गया। इधर लातेहार के बालूमाथ में माइनिंग इंस्पेक्टर पदम लोचन ओद्दार ने अवैध रूप से पत्थर लदा हाईवा जब्त किया। बिना चालान के 600 क्यूबिक फीट पत्थर लेकर जा रहे वाहन को शहीद चौक के पास पकड़ा गया।

*******************

भाजपा ने राज्य सरकार पर आयुष्मान भारत योजना को कमज़ोर करने का आरोप लगाया है। रांची में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में 30 बेड क्षमता वाले अस्पताल को आयुष्मान योजना से जोड़ने की नई नोटिफिकेशन से अस्पतालों की संख्या घटेगी, जिससे जनता को नुकसान होगा।

*******************

दुमका जिले में कल से 8 दिवसीय ऐतिहासिक जनजातीय हिजला मेला शुरू होगा। यह पिछले 135 वर्षो से मनाया जा रहा है। मेले में जनजातीय संस्कृति, कला, हस्तशिल्प, गीत–संगीत और नृत्य का प्रदर्शन होगा। अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार ने मेला स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

1. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज शहरी सीवरेज, जल आपूर्ति, शिक्षा और कृषि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान उपायुक्तों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया।
2. रामगढ़ जिले में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक हुई। बैठक में सिरका ओपन कास्ट परियोजना समेत चार मामलों पर निर्णय लिए गए।
3. हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के सात श्रद्धालुओं की कुंभ स्नान से लौटते समय जौनपुर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका इलाज चल रहा है।

*******************

झारखंड में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 22 फरवरी को भी सिमडेगा, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम, धनबाद, गिरिडीह समेत कई जिलों में भी ऑरेंज अलर्ट रहेगा।

*******************

गुमला जिले के शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में आज से जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर–23 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। आज खेले गए पहले मैच में सिमडेगा ने पलामू को 8 विकेट से हराया। शानदार गेंदबाजी करने वाले सिमडेगा के तानिश चौबे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें 5000 रुपये नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

*******समाप्त********